An E-Newsletter of

# DEVI Sansthan

TRANSFORMATION IN EDUCATION


dignityeducation.org

DIGNITY EDUCATION VISION INTERNATIONAL

DEVI Sansthan

Lucknow : June - 2026 Issue - 11

## बहराइच, उत्तर प्रदेश में अत्यंत सार्थक और प्रेरणादायक रहा




श्री अक्षय त्रिपाठी (IAS), जिलाधिकारी बहराइच उ0प्र0 को पर्यावरण–अनुकूल स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा व अल्फ़ा पुस्तक भेंट करते देवी संस्थान के सहायक कार्यक्रम प्रबंधक सर्वेश चन्द्र रस्तोगी।

जिला मजिस्ट्रेट, बहराइच श्री अक्षय त्रिपाठी (IAS) से हमारी NITI Aayog को प्रस्तुत परियोजना के संबंध में सकारात्मक एवं रचनात्मक चर्चा हुई। उन्होंने परियोजना के प्रभाव और संभावित सहयोग के अवसरों में रुचि दिखाई तथा विषय के विस्तृत अवलोकन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

इसके अतिरिक्त, मुख्य विकास अधिकारी (CDO) श्री सुनील धनवंत (IAS) से भी भेंट हुई, जिसमें हज़ूरपुर ब्लॉक में संचालित ALfA पायलट कार्यक्रम की प्रगति एवं हज़ूरपुर तथा तेजवापुर ब्लॉकों में इसके विस्तार की योजना साझा की गई। उन्होंने पहल की सराहना करते हुए कार्यक्रम के परिणामों की समीक्षा में रुचि व्यक्त की।

फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (FLN) को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन के सहयोग, मार्गदर्शन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए हार्दिक आभार।

## नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर (उ.प्र.) से शिष्टाचार भेंट



श्री विकास चन्द्र श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला बलरामपुर को स्मृति स्वरूप पौधा भेंट करते देवी संस्थान टीम के सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री सर्वेश चन्द्र रस्तोगी व कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती नूरिंश परवीन।

बैठक के दौरान ALfA (Accelerating Learning for All) पायलट कार्यक्रम की अवधारणा, कार्यान्वयन प्रक्रिया एवं अब तक प्राप्त प्रमुख परिणामों को साझा किया गया। ।सि। पुस्तकों, गणित किट एवं मॉडल स्कूल चार्ट के माध्यम से कार्यक्रम की नवाचारी शिक्षण–पद्धति तथा बच्चों के अधिगम स्तर पर उसके सकारात्मक प्रभाव को प्रस्तुत किया गया।

साथ ही वर्तमान शैक्षिक सत्र में कार्यक्रम को जनपद के अधिकाधिक विद्यालयों तक पहुँचाने एवं व्यापक स्तर पर लागू करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। माननीय बीएसए महोदय ने कार्यक्रम के प्रति रुचि व्यक्त करते हुए इसकी उपयोगिता एवं बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार की संभावनाओं की सराहना की।

इस अवसर पर क्म्टप् संस्थान की टीम से नूरिश परवीन (Program Head), सर्वेश चन्द्र रस्तोगी (Asst- Program Manager) व अनादि चतुर्वेदी (DRP, Balrampur) मौजूद रहे।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी, बहराइच से सार्थक चर्चा हुई



बैठक के दौरान श्री आशीष कुमार सिंह 'वत्स', बेसिक शिक्षा अधिकारी, बहराइच उ0प्र0 को ग्रीन प्लांटर व अल्फ़ा पुस्तक भेंट कर स्वागत/अभिनंदन करती हुई देवी संस्थान की कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती नूरिश परवीन एवं सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री सर्वेश चन्द्र रस्तोगी।

आज नूरिश परवीन मैम (**Program Head, DEVI Sansthan**) के साथ उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्री आशीष कुमार सिंह 'वत्स' जी से शिष्टाचार भेंट एवं सार्थक चर्चा का अवसर प्राप्त हुआ।

बैठक के दौरान हज़ूरपुर ब्लॉक में संचालित **ALfA** कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जनपद स्तर पर इसके विस्तार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही, **Foundational Literacy and Numeracy** (**FLN**) लक्ष्यों को सशक्त बनाने, वयस्क साक्षरता (**Adult Literacy**) कार्यक्रम को गति देने तथा नीति आयोग समर्थित पहलों के अंतर्गत भविष्य में सहयोग के अवसरों पर विचार–विमर्श किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन, बेहतर अधिगम परिणामों और साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु प्राप्त मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं सहयोग के लिए हम श्री वत्स जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। सामूहिक प्रयासों और प्रभावी साझेदारी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रत्येक बच्चे और समुदाय तक पहुँचाने की दिशा में हम निरंतर प्रतिबद्ध हैं।



श्री सुनील धनवंता जी मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच, उ0प्र0 पर्यावरण संरक्षण एवं हरित संदेश के प्रतीक स्वरूप पौधा भेंट करती हुई देवी संस्थान की कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती नूरिश परवीन